JALAUN POLICE

**दिनांक- 02.02.2026**

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी-2026 के समापन समारोह का आयोजन पुलिस लाईन उरई में किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 01.01.2026 को प्रारम्भ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन कार्यक्रम आज दिनांक 02.02.2026 को पुलिस लाईन उरई में आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 घनश्याम अनुरागी, मा0 विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, मा0 विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, मा0 विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डा0 दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के0के0 सिंह सहित सम्वन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' (01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026) का भव्य समापन समारोह पुलिस लाइन सभागार, उरई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता, दुर्घटनाओं में कमी और यातायात अनुशासन को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की गई। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिये दोपहिया वाहनों पर हेलमेट अवश्य लगाकर चलें। बाइक पर तीन सवारी न बैठायें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट बांधे तथा नशे की हालत में गाड़ी कदापि न चलायें तथा ओवर स्पीड से बचें व अपनी साइड पर ही निर्धारित गति सीमा में वाहन चलायें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इस अवसर अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जनपद वासियों द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात नियमों का पूर्णत्या पालन कर सहयोग किया गया तथा आश्वसत किया कि भविष्य में भी यातायात नियमों का पालन करेंगें। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा चलाए गए व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियानों से उल्लेखनीय कमी आई है, जो स्थानीय जनता में बढ़ती समझ और सहयोग का प्रतीक है। सड़क सुरक्षा माह में सहयोग प्रदान करने वाले विभागों, स्टेक-होल्डर्स, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, वाहन विक्रेताओं/डीलरों तथा एन0एस0एस0 एवं एन0सी0सी0 के स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**सड़क सुरक्षा का रखो ध्यान, तभी होगा सबका कल्याण।**

**तेज़ रफ़्तार का न करो तुम मान, हेलमेट ही बचाएगा तुम्हारी जान।**

**गाड़ी में बैठो शान से, सीटबेल्ट लगाओ ध्यान से।**